(a)	जीवद्रव्य संलयन	(i)	पूर्णशक्तता
(b)	पादप ऊतक संवर्धन	(ii)	पोमेटो
(c)	मैरिस्टेम संवर्धन	(iii)	सोमाक्लोन
(d)	सूक्ष्म प्रवर्धन	(iv)	विषाणु मुक्त पादप

नीचे दिये गये विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए।

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(2)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(3)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(4)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)

उत्तर (3)

हल
- पोमेटो को जीवद्रव्य संलयन से प्राप्त किया जाता है।
- पादप उत्तक संवर्धन के दौरान कर्त्तोतक से संपूर्ण पादप काय को विकसित करने का गुण पूर्णशक्तता कहलाता है।
- विषाणु मुक्त पादपों को मेरिस्टेम संवर्धन से प्राप्त किया जा सकता है।
- सोमाक्लोन्स को सूक्ष्मप्रवर्धन की प्रक्रिया द्वारा प्राप्त किया जाता है।

108. समीकरण GPP – R = NPP में R किसे निरूपित करता है?

(1) श्वसन हानि (2) विकिरण ऊर्जा

(3) मंदन कारक (4) पर्यावरण कारक

उत्तर (1)

हल समीकरण GPP – R = NPP में

R श्वसन हानि से संबंधित है

GPP सकल प्राथमिक उत्पादकता है

NPP नेट प्राथमिक उत्पादकता है

109. जनकों द्वारा युग्मकों का उत्पादन, युग्मज का निर्माण और F_1 और F_2 पादपों को निम्नलिखित में से किस चित्र द्वारा समझा जा सकता है?

(1) नेट वर्ग (2) बुलेट वर्ग

(3) पंच वर्ग (4) पनेट वर्ग

उत्तर (4)

हल जनकों (2n) द्वारा युग्मकों (n) का उत्पादन, युग्मनज (2n) का निर्माण तथा F_1 एवं F_2 पादपों को पनेट वर्ग कहलाने वाले चित्र द्वारा समझा जा सकता है।

110. Which of the following is an **incorrect** statement?

(1) Nuclear pores act as passages for proteins and RNA molecules in both directions between nucleus and cytoplasm

(2) Mature sieve tube elements possess a conspicuous nucleus and usual cytoplasmic organelles

(3) Microbodies are present both in plant and animal cells

(4) The perinuclear space forms a barrier between the materials present inside the nucleus and that of the cytoplasm

Answer (2)

Sol. A mature sieve tube elements possess a peripheral cytoplasm and a large central vacuole but lacks a nucleus.

Rest of other statements are correct.

111. Match List-I with List-II.

List-I		List-II	
(a)	Lenticels	(i)	Phellogen
(b)	Cork cambium	(ii)	Suberin deposition
(c)	Secondary cortex	(iii)	Exchange of gases
(d)	Cork	(iv)	Phelloderm

Choose the **correct** answer from the options given below.

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)
(2)	(iv)	(i)	(iii)	(ii)
(3)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)
(4)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)

Answer (3)

Sol.
- Lenticels are meant for exchange of gases.
- Phellogen is also known as cork cambium.
- Phelloderm is also called secondary cortex because it is the cortex that develops during secondary growth.
- Cork has deposition of suberin in their cell walls when they get mature.

110. निम्नलिखित में से कौनसा कथन **गलत** है?

(1) केंद्रक छिद्र, केंद्रक और कोशिकाद्रव्य के बीच दोनों दिशाओं में प्रोटीन और आर.एन.ए. अणुओं के लिए, एक पथ की भांति कार्य करते हैं

(2) परिपक्व चालनी नलिका तत्वों में एक स्पष्ट केंद्रक और साधारण कोशिकाद्रव्यीय उपांग होते हैं

(3) सूक्ष्मकाय, पादपों और जंतुओं दोनों में पायी जाती हैं

(4) परिकेंद्रकी अवकाश, केंद्रक के अंदर उपस्थित पदार्थों और कोशिकाद्रव्य में उपस्थित पदार्थों के बीच अवरोध का काम करता है

उत्तर (2)

हल एक परिपक्व चालनी नलिका तत्वों में परिधीय कोशिकाद्रव्य तथा एक वृहद केन्द्रीय रसधानी होती है परंतु केन्द्रक का अभाव होता है।

शेष सभी कथन सही हैं।

111. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए।

सूची-I		सूची-II	
(a)	वातरंध्र	(i)	कागजन
(b)	कार्क कैम्बियम	(ii)	सुबेरिन निक्षेपण
(c)	द्वितीयक वल्कुट	(iii)	गैसों का आदान-प्रदान
(d)	कार्क	(iv)	काग-स्तर

नीचे दिये गये विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए।

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)
(2)	(iv)	(i)	(iii)	(ii)
(3)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)
(4)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)

उत्तर (3)

हल
- वातरंध्र गैसों के आदान-प्रदान के लिए होते हैं।
- कागजन को, कॉर्क कैम्बियम भी कहते हैं।
- काग-अस्तर को द्वितीयक वल्कुट भी कहते हैं क्योंकि यह वल्कुट, द्वितीयक वृद्धि के दौरान विकसित होता है।
- कॉर्क के परिपक्व होने पर उनकी कोशिका भित्ति में सुबेरिन का निक्षेपण हो जाता है।

112. The amount of nutrients, such as carbon, nitrogen, phosphorus and calcium present in the soil at any given time, is referred as :

(1) Standing crop

(2) Climax

(3) Climax community

(4) Standing state

Answer (4)

Sol.
- Amount of all the inorganic substances or nutrients, such as carbon, nitrogen, phosphorus and calcium present in soil at any given time, is referred as standing state.
- Amount of living material present in different trophic levels at a given time, is referred as standing crop.
- Climax community is the last community in biotic succession which is relatively stable and is in near equilibrium with the environment of that area.

113. The term used for transfer of pollen grains from anthers of one plant to stigma of a different plant which, during pollination, brings genetically different types of pollen grains to stigma, is :

(1) Cleistogamy

(2) Xenogamy

(3) Geitonogamy

(4) Chasmogamy

Answer (2)

Sol.
- Xenogamy refers to the transfer to pollen grains from anthers of one plant to stigma of a different plant which during pollination, brings genetically different types of pollen grains to stigma.
- Cleistogamy is a condition is which flower does not open.
- Geitonogamy refers to the transfer of pollen grain from anther to stigma of another flower of the same plant.
- Chasmogamy is a condition in which flowers remain open.

114. Which of the following stages of meiosis involves division of centromere?

(1) Telophase II (2) Metaphase I

(3) Metaphase II (4) Anaphase II

Answer (4)

112. कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस और कैल्शियम जैसे पोषकों की मृदा में मात्रा, किसी दिये गये समय में कैसे संदर्भित की जाती है?

(1) स्थायी फसल (2) चरम अवस्था

(3) चरम समुदाय (4) स्थायी अवस्था

उत्तर (4)

हल
- मृदा में किसी दिये गये समय में उपस्थित सभी अकार्बनिक पदार्थों या पोषकों जैसे कि कार्बन, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस तथा कैल्शियम की मात्रा स्थायी अवस्था कहलाती है।
- विभिन्न पोषी स्तरों में किसी दिये गये समय में उपस्थित जीवित पदार्थों की मात्रा स्थायी फसल कहलाती है।
- चरम समुदाय, जैविक अनुक्रमण में अंतिम समुदाय होता है जो सापेक्षिक रूप से स्थायी होता है तथा यह उस क्षेत्र के पर्यावरण के साथ लगभग साम्यावस्था में होता है।

113. एक पादप के परागकोश से परागकणों के, एक भिन्न पादप के वर्तिकाग्र पर स्थानान्तरण के लिए कौनसा शब्द प्रयुक्त होता है जिसमें परागण के दौरान वर्तिकाग्र पर आनुवंशिक रूप से भिन्न प्रकार के परागकण लाये जाते हैं?

(1) अनुन्मील्य परागणी (2) परनिषेचन

(3) सजातपुष्पी परागण (4) उन्मील्य परागणी

उत्तर (2)

हल
- एक पादप के परागकोश से परागकणों के, एक भिन्न पादप के वर्तिकाग्र पर स्थानान्तरण के लिए परनिषेचन प्रयुक्त होता है जिसमें परागण के दौरान वर्तिकाग्र पर आनुवंशिक रूप से भिन्न प्रकार के परागकण लाये जाते हैं।
- अनुन्मील्य परागणी स्थिति में पुष्प नहीं खुलते हैं।
- सजातपुष्पी परागण, एक ही पादप के एक पुष्प के परागकणों का अन्य पुष्प के वर्तिकाग्र तक का स्थानांतरण है।
- उन्मील्य परागणी स्थिति में पुष्प खुले रहते हैं।

114. निम्नलिखित में से अर्धसूत्री विभाजन की किस अवस्था में गुणसूत्रबिंदु का विभाजन होता है?

(1) अंत्यावस्था II (2) मध्यावस्था I

(3) मध्यावस्था II (4) पश्चावस्था II

उत्तर (4)

Sol.
- Division of centromere occurs in anaphase II.
- Telophase II is the last stage of meiosis II. During this phase, the chromatids reach the poles and start uncoiling.
- Chromosomes form two parallel plates in metaphase I and one plate in metaphase II.

115. Which of the following is a **correct** sequence of steps in a PCR (Polymerase Chain Reaction)?

(1) Annealing, Denaturation, Extension

(2) Denaturation, Annealing, Extension

(3) Denaturation, Extension, Annealing

(4) Extension, Denaturation, Annealing

Answer (2)

Sol. The first step in the polymerase chain reaction is denaturation during which strands of dsDNA separate. This requires temperature around 94°C.

This is followed by annealing in which primers anneal to 3' end of template DNA strand.

Annealing is followed by extension in which *Taq* polymerase adds nucleotides to 3'OH end of primers.

116. When gene targetting involving gene amplification is attempted in an individual's tissue to treat disease, it is known as :

(1) Safety testing (2) Biopiracy

(3) Gene therapy (4) Molecular diagnosis

Answer (3)

Sol. The correct option is (3)

- Gene therapy is a collection of methods that allows correction of a gene defect that has been diagnosed in a child/embryo.
- Biopiracy is the term used to refer to the use of bio-resources by multinational companies and other organisations without proper authorisation from the countries and people concerned without compensatory payment.
- Molecular diagnosis refers to the act or process of determining the nature and cause of a disease.

हल
- गुणसूत्रबिन्दू का विभाजन पश्चावस्था II में होता है।
- अंत्यावस्था II, अर्धसूत्री विभाजन II की अंतिम अवस्था होती है। इस अवस्था के दौरान क्रोमेटिड्स ध्रुवों पर पहुँच कर खुलना प्रारंभ कर देते हैं।
- गुणसूत्र, मध्यावस्था I में दो समांतर पट्टियों का तथा मध्यावस्था II में एक पट्टी निर्माण करते हैं।

115. निम्नलिखित में से, पॉलिमरेज श्रृंखला अभिक्रिया (पी.सी.आर.) के चरणों का कौनसा **सही** अनुक्रम है?

(1) तापानुशीलन, निष्क्रियकरण, प्रसार

(2) निष्क्रियकरण, तापानुशीलन, प्रसार

(3) निष्क्रियकरण, प्रसार, तापानुशीलन

(4) प्रसार, निष्क्रियकरण, तापानुशीलन

उत्तर (2)

हल पोलीमरेज श्रृंखला अभिक्रिया में निष्क्रियकरण पहला चरण है जिसके दौरान dsDNA के रज्जुक पृथक होते हैं। इसे लगभग 94°C तापमान की आवश्यकता है।

इसके बाद तापानुशीलन होता है जिसमें टेम्पलेट DNA रज्जुक के 3' छोर से उपक्रामक तापानुशील होते हैं।

तापानुशीलन के बाद विस्तार होता है जिसमें *टैक* पोलीमरेज उपक्रामक के 3'OH छोर में न्यूक्लियोटाइड्स मिलाता है।

116. रोग को ठीक करने के लिए, जीन प्रवर्धन करते हुए एक जीन को लक्ष्य किया जाता है तब यह प्रक्रिया क्या कहलाती है?

(1) सुरक्षा परीक्षण (2) बायोपाइरेसी

(3) जीन चिकित्सा (4) आणविक निदान

उत्तर (3)

हल
- जीन चिकित्सा में उन विधियों का सहयोग लेते हैं जिनके द्वारा किसी बच्चे या भ्रूण में चिन्हित किए गए जीन दोषों का सुधार किया जाता है।
- मल्टीनेशनल कंपनियों व दूसरे संगठनों द्वारा किसी राष्ट्र या उससे संबंधित लोगों से बिना व्यवस्थित अनुमोदन व क्षतिपूरक भुगतान के जैव संसाधनों का उपयोग करना बायोपाइरेसी कहलाता है।
- आणविक निदान रोग की प्रकृति और कारण को निर्धारित करने की क्रिया या प्रक्रिया को संदर्भित करता है।

117. Match List-I with List-II.

List-I		List-II	
(a)	Cristae	(i)	Primary constriction in chromosome
(b)	Thylakoids	(ii)	Disc-shaped sacs in Golgi apparatus
(c)	Centromere	(iii)	Infoldings in mitochondria
(d)	Cisternae	(iv)	Flattened membranous sacs in stroma of plastids

Choose the **correct** answer from the options given below.

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(2)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(3)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(4)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)

Answer (4)

Sol.
- The inner membrane of mitochondria forms infoldings called cristae.
- Thylakoids are flattened membranous sacs in stroma of plastids.
- Cisternae are disc shaped sacs in Golgi apparatus.
- Primary constriction in chromosome that holds two chromatids together is called centromere.

Hence correct option is (4)- a(iii), b(iv), c(i), d(ii)

118. The factor that leads to Founder effect in a population is :

(1) Genetic drift
(2) Natural selection
(3) Genetic recombination
(4) Mutation

Answer (1)

Sol.
- Change in gene frequency in a small population by chance is known as genetic drift. Genetic drift has two ramifications, one is bottle neck effect and another is founder's effect.
- When accidentally a few individuals are dispersed and act as founders of a new isolated population, founder's effect is said to be observed.
- Crossing over which occurs during gamete formation results in genetic recombination.
- Mutations are random and directionless.

117. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए।

सूची-I		सूची-II	
(a)	क्रिस्टी	(i)	गुणसूत्र में प्राथमिक संकीर्णन
(b)	थायलेकॉयड	(ii)	गॉल्जी उपकरण में डिस्क-आकार की थैलियाँ
(c)	गुणसूत्रबिंदु	(iii)	सूत्रकणिका में अंतर्वलित
(d)	सिस्टर्नी	(iv)	लवक की पीठिका में चपटी झिल्लीनुमा थैलियां

नीचे दिये गये विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए।

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(2)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(3)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(4)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)

उत्तर (4)

हल
- सूत्रकणिका की आंतरिक झिल्ली क्रिस्टी कहलाने वाले अंतर्वलित का निर्माण करती हैं।
- थायलैकॉयड, लवकों की पीठिका में उपस्थित चपटी झिल्लीनुमा थैलियाँ होती हैं।
- सिस्टर्नी, गॉल्जी उपकरण में उपस्थित डिस्क आकार की थैलियाँ होती हैं।
- गुणसूत्र में उपस्थित प्राथमिक संकीर्णन जो दो क्रोमेटिड्स को एकसाथ जोड़कर रखता है, उसे गुणसूत्रबिंदु कहते हैं।

अत: सही विकल्प (4)- a(iii), b(iv), c(i), d(ii) हैं।

118. निम्नलिखित में से कौनसा कारक एक समष्टि फाउंडर प्रभाव उत्पन्न करता है?

(1) आनुवंशिक विचलन
(2) प्राकृतिक चयन
(3) आनुवंशिक पुनर्योजन
(4) उत्परिवर्तन

उत्तर (1)

हल
- संयोग से छोटी समष्टि में जीन आवृत्ति में होने वाले बदलाव को आनुवंशिक अपवाह कहते हैं। आनुवंशिक अपवाह में दो जटिलताएँ होती हैं। एक बोटल नेक प्रभाव तथा दूसरा संस्थापक प्रभाव।
- जब अकस्मात रूप से व्यष्टियाँ परिक्षेपित होती है तथा एक नई पृथक्कृत समष्टि का संस्थापक के रूप में पाया जाता है।
- जीन विनिमय जो युग्मक निर्माण के दौरान होता है जिसके परिणामस्वरूप आनुवंशिक पुनर्योगज होता है।
- उत्परिवर्तन, यादृच्छिक (रैंडम) तथा दिशाहीन होता है।

119. When the centromere is situated in the middle of two equal arms of chromosomes, the chromosome is referred as :

(1) Acrocentric (2) Metacentric

(3) Telocentric (4) Sub-metacentric

Answer (2)

Sol. When the centromere is situated in the middle of two equal arms of chromosomes, the chromosome is referred as Metacentric.

When the centromere is present slightly away from the middle, it is called sub-metacentric chromosome.

When the centromere is present very close to one end of the chromosome, it is called acrocentric chromosome.

When the centromere is present at terminal position, the chromosome is called telocentric.

120. Gemmae are present in

(1) Some Liverworts (2) Mosses

(3) Pteridophytes (4) Some Gymnosperms

Answer (1)

Sol.
- Gemmae are green, multicellular asexual buds that are produced by some liverworts like *Marchantia.*
- Mosses reproduce vegetatively by fragmentation and budding of protonema.
- Pteridophytes and Gymnosperms normally do not reproduce asexually

121. During the purification process for recombinant DNA technology, addition of chilled ethanol precipitates out :

(1) Polysaccharides (2) RNA

(3) DNA (4) Histones

Answer (3)

Sol. Various enzymes like protease, RNase, etc. are added to break down substances like proteins, RNA, etc. Once all these substances are broken down, DNA is left which is precipitated out by adding chilled ethanol.

Histones are basic proteins that help condense DNA in a cell.

119. जब गुणसूत्रबिंदु, गुणसूत्र की दो बराबर भुजाओं के मध्य में स्थित होता है, तब यह क्या कहलाता है?

(1) अग्रबिंदुक (2) मध्यकेन्द्री

(3) अंतकेन्द्री (4) उपमध्यकेन्द्री

उत्तर (2)

हल जब गुणसूत्रबिन्दु, गुणसूत्र की दो बराबर भुजाओं के मध्य में स्थित होता है तब उसे मध्यकेन्द्री गुणसूत्र कहते हैं।

जब गुणसूत्रबिन्दु, केन्द्र से थोड़ा सा दूर स्थित होता है तब उसे उप-मध्यकेन्द्री गुणसूत्र कहते हैं।

जब गुणसूत्रबिन्दु, गुणसूत्र के एक सिरे के बहुत निकट स्थित होता है तब उसे अग्रबिन्दुक गुणसूत्र कहते हैं।

जब गुणसूत्रबिंदु अंत्य स्थिति में उपस्थित होता है तब उसे अंतकेन्द्री गुणसूत्र कहते हैं।

120. जेमी किसमें पाये जाते हैं?

(1) कुछ लिवरवर्ट में (2) मॉस में

(3) टेरिडोफाइट में (4) कुछ अनावृतबीजीयों में

उत्तर (1)

हल
- जेमी, हरी बहुकोशिकीय अलैंगिक कलिकाएँ हैं जो कुछ लिवरवर्ट जैसे कि *मार्केन्शिया* द्वारा उत्पादित की जाती हैं।
- मॉस कायिक रूप से खण्डन द्वारा तथा प्रथमतंतु के मुकुलन द्वारा जनन करता है।
- टेरिडोफाइट्स तथा अनावृतबीजी प्राय: अलैंगिक रूप से जनन नहीं करते हैं।

121. पुनर्योगज डी.एन.ए. प्रौद्योगिकी के लिए शुद्धीकरण प्रक्रिया में शीतल इथेनॉल को मिलाने से यह किसे अवक्षेपित करता है?

(1) पॉलिसैकेराइड (2) आर.एन.ए.

(3) डी.एन.ए. (4) हिस्टोन

उत्तर (3)

हल RNA, इत्यादि जैसे पदार्थों के विखंडन के लिए विभिन्न एंजाइम जैसे प्रोटिऐज, RNase लाइसोजाइम इत्यादि मिलाए जाते हैं। एक बार जब ये सभी पदार्थ विखंडित हो जाते हैं, DNA शेष रहता है जो द्रुतशीतित एथेनॉल मिलाने से अवक्षेपित हो जाता है।

हिस्टोन मूल प्रोटीन होते हैं जो कोशिका में DNA को संघनित करने में सहायक होते हैं।

122. Match List-I with List-II.

	List-I		List-II
(a)	Cohesion	(i)	More attraction in liquid phase
(b)	Adhesion	(ii)	Mutual attraction among water molecules
(c)	Surface tension	(iii)	Water loss in liquid phase
(d)	Guttation	(iv)	Attraction towards polar surfaces

Choose the **correct** answer from the options given below.

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(2)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)
(3)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(4)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)

Answer (2)

Sol. (a) Cohesion is mutual attraction among water molecules.

(b) Adhesion is attraction towards polar surfaces.

(c) Surface tension explains water molecules are more attracted in liquid phase than gaseous phase.

(d) Guttation is loss of water is liquid form from the leaf margins.

123. The site of perception of light in plants during photoperiodism is

(1) Leaf (2) Shoot apex

(3) Stem (4) Axillary bud

Answer (1)

Sol.
- The site of perception of light in plants during photoperiodism is leaf.
- The site of perception of low temperature stimulus during vernalisation is shoot apex and embryo.
- Axillary bud are not sites of perception of photoperiod.

124. The plant hormone used to destroy weeds in a field

(1) IBA (2) IAA

(3) NAA (4) 2, 4-D

Answer (4)

Sol. Some synthetic auxins are used as weedicides. 2,4-D is widely used to remove broad leaved weeds or dicotyledonous weeds in cereal crops or monocotyledonous plants.

IAA and IBA are natural auxins.

NAA is a synthetic auxin.

122. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए।

	सूची-I		सूची-II
(a)	समंजन	(i)	द्रव अवस्था में अपेक्षाकृत अधिक आकर्षण
(b)	आसंजन	(ii)	जल अणुओं के बीच पारस्परिक आकर्षण
(c)	पृष्ठ तनाव	(iii)	द्रव अवस्था में जल हानि
(d)	बिन्दु स्त्राव	(iv)	ध्रुवीय पृष्ठों की ओर आकर्षण

नीचे दिये गये विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए।

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(2)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)
(3)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(4)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)

उत्तर (2)

हल (a) समंजन, जल अणुओं के बीच उपस्थित पारस्परिक आकर्षण है।

(b) आसंजन, ध्रुवीय पृष्ठों की ओर होने वाला आकर्षण है।

(c) पृष्ठ तनाव दर्शाता है कि जल अणु, गैसीय अवस्था की तुलना में द्रव अवस्था में अधिक आकर्षण दर्शाते हैं।

(d) बिन्दुस्त्राव, पत्तियों के किनारों से द्रव अवस्था में जल की होने वाली हानि है।

123. प्रकाशकालिता के दौरान पादपों में प्रकाश में अवगम का स्थान कौनसा है?

(1) पत्ती (2) प्ररोह शीर्ष

(3) तना (4) कक्षीय कलिका

उत्तर (1)

हल
- प्रकाशकालिता के दौरान पादपों में प्रकाश के अवगम का स्थान पत्ती होती हैं।
- वसंतीकरण के दौरान कम तापमान के उद्दीपन का स्थान प्ररोह शीर्ष तथा भ्रूण है।
- कक्षीय कलिकाएं, प्रकाशकालिता के अवगम का स्थान नहीं होती हैं।

124. एक खेत में घासपात को समाप्त करने के लिए कौनसा पादप हारमोन उपयोग में लाया जाता है?

(1) आई.बी.ए. (2) आइ.ए.ए.

(3) एन.ए.ए. (4) 2, 4-डी

उत्तर (4)

हल कुछ कृत्रिम ऑक्सिन का उपयोग खरपतवारनाशियों के रूप में किया जाता है।

अनाज की फसलों या एकबीजपत्रीय पादपों से चौड़ी पत्तियों वाले खरपतवारों या द्विबीजपत्रीय खरपतवारों को हटाने के लिए 2,4-D का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

IAA तथा IBA प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले ऑक्सिन हैं।

NAA कृत्रिम ऑक्सिन है।

125. Which of the following algae produce Carrageen?

(1) Blue-green algae (2) Green algae

(3) Brown algae (4) Red algae

Answer (4)

Sol.
- The cell wall of red algae is composed of agar, carrageen and funori along with cellulose.
- In brown algae cell wall contains algin while in green algae it is composed of cellulose and pectin.
- In blue green algae cell wall is composed of mucopeptides.

126. Complete the flow chart on central dogma.

(a) DNA $\xrightarrow{(b)}$ mRNA $\xrightarrow{(c)}$ (d)

(1) (a)-Transduction; (b)-Translation; (c)-Replication; (d)-Protein

(2) (a)-Replication; (b)-Transcription; (c)-Transduction; (d)-Protein

(3) (a)-Translation; (b)-Replication; (c)-Transcription;(d)-Transduction

(4) (a)-Replication; (b)-Transcription; (c)-Translation; (d)-Protein

Answer (4)

Sol.
- Formation of DNA from DNA is replication.
- Formation of mRNA from DNA is called Transcription.
- Formation of protein from mRNA is called Translation.
- So, (a) is Replication
  (b) is Transcription
  (c) is Translation
  (d) is Protein
- Transduction is transfer of genetic material from one bacterium to another with the help of virus or a bacteriophage.

127. Which of the following are **not** secondary metabolites in plants?

(1) Rubber, gums

(2) Morphine, codeine

(3) Amino acids, glucose

(4) Vinblastin, curcumin

Answer (3)

125. निम्नलिखित में से कौन से शैवाल कैराजीन उत्पन्न करते हैं?

(1) नील-हरित शैवाल (2) हरित शैवाल

(3) भूरे शैवाल (4) लाल शैवाल

उत्तर (4)

हल
- लाल शैवाल की कोशिका भित्ति अगार, कैराजीन तथा सेलूलोज के साथ-साथ फ्यूनोरी से मिलकर बनी होती है।
- भूरे शैवाल में कोशिका भित्ति एल्गिन युक्त होती है जबकि हरे शैवाल में कोशिका भित्ति सेलूलोज तथा पैक्टिन की बनी होती है।
- नील-हरित शैवाल में कोशिका भित्ति, म्युकोपैप्टाइड की बनी होती है।

126. मूल सिद्धांत (सेन्ट्रल डोग्मा) का पूर्ण प्रवाह चित्र है:

(a)DNA $\xrightarrow{(b)}$ mRNA $\xrightarrow{(c)}$ (d)

(1) (a)-पारक्रमण; (b)-रूपान्तरण; (c)-प्रतिकृतिकरण; (d)-प्रोटीन

(2) (a)-प्रतिकृतिकरण; (b)-अनुलेखन; (c)-पारक्रमण; (d)-प्रोटीन

(3) (a)-रूपान्तरण; (b)-प्रतिकृतिकरण; (c)-अनुलेखन;(d)-पारक्रमण

(4) (a)-प्रतिकृतिकरण; (b)-अनुलेखन; (c)-रूपांतरण; (d)-प्रोटीन

उत्तर (4)

हल
- डी.एन.ए. से डी.एन.ए. का निर्माण प्रतिकृतिकरण होता है।
- डी.एन.ए. से mRNA का निर्माण अनुलेखन कहलाता है।
- mRNA से प्रोटीन का निर्माण रूपांतरण कहलाता है।
- इसलिए, (a) प्रतिकृतिकरण है
  (b) अनुलेखन है
  (c) रूपांतरण है
  (d) प्रोटीन है
- पारक्रमण में विषाणु या एक जीवाणुभोजी की सहायता से एक जीवाणु से दूसरे जीवाणु में आनुवंशिक पदार्थ का स्थानांतरण होता है।

127. निम्नलिखित में से कौन, पादपों में द्वितीयक उपापचयज नहीं हैं?

(1) रबर, गोंद

(2) मार्फीन, कोडीन

(3) एमीनों अम्ल, ग्लूकोज

(4) विनब्लेस्टीन, करक्यूमिन

उत्तर (3)

Sol. The correct option is (3)

- Amino acids and glucose are included under the category of primary metabolites as they have identifiable functions and play known roles in normal physiological processes.
- Rubber, gums, morphine, codeine, vinblastin and curcumin are included under the category of secondary metabolites as their role or functions in host organisms is not known yet. However, many of them are useful to human welfare.

128. Inspite of interspecific competition in nature, which mechanism the competing species might have evolved for their survival?

(1) Predation (2) Resource partitioning
(3) Competitive release (4) Mutualism

Answer (2)

Sol.
- Inspite of interspecific competition the competing species may co-exist by doing resource partitioning.
- In mutualism two organisms are equally benefitted.
- In predation one organism (Predator) eats the another one (Prey).
- In competition release there occurs dramatical increase in population of a less distributed species when its superior competitor is removed.

129. Which of the following is **not** an application of PCR (Polymerase Chain Reaction)?

(1) Detection of gene mutation
(2) Molecular diagnosis
(3) Gene amplification
(4) Purification of isolated protein

Answer (4)

Sol. PCR is Polymerase Chain Reaction.

It is used for making multiple copies of the gene.

Hence PCR is used for

- Gene amplification.
- PCR-based assays have been developed that detect the presence of gene sequences of the infectious agents.
- It is also used in detecting mutations.
- Protein is not the target of PCR. Hence, plays no role in its purification.

हल सही विकल्प (3) है

- अमीनों अम्ल तथा ग्लूकोज को प्राथमिक उपापचयज की श्रेणी के अंतर्गत सम्मिलित किया जाता है क्योंकि इनके अभिज्ञेय कार्य होते हैं तथा सामान्य कायिकीय प्रक्रिया में ज्ञात भूमिका निभाते हैं।
- रबर, गम्स, मॉर्फीन, कोडीन, विनब्लास्टिन तथा करक्यूमिन को द्वितीयक उपापचयज के अंतर्गत सम्मिलित किया जाता है परपोषी जीवों में इनकी भूमिका अब तक ज्ञात नहीं है। हालांकि इनमें से कई मानव कल्याण के लिए लाभदायक हैं।

128. प्रकृति में अंतराजातीय प्रतिस्पर्धा के बावजूद, प्रतिस्पर्धा करने वाली जातियों ने अपनी उत्तरजीविता के लिए कौनसी विधि का विकास किया होगा?

(1) भक्षण (2) संसाधन विभाजन
(3) स्पर्धा निर्मुक्त (4) सहोपकारिता

उत्तर (2)

हल
- अंतराजातीय प्रतिस्पर्धा के बावजूद प्रतिस्पर्धा करने वाली जातियों संसाधन के विभाजन द्वारा एक-साथ रह सकती है।
- सहोपकारिता में दोनों जीवों को समान रूप से लाभ होता है।
- भक्षण में एक जीव(परभक्षी) दूसरे जीव (शिकार) को खाता है।
- स्पर्धा निर्मुक्त में कम वितरित जातियों की समष्टि में नाटकीय रूप से वृद्धि होती है जब इसका श्रेष्ठ प्रतिस्पर्धी स्पर्धा से बाहर हो जाता है।

129. निम्नलिखित में से कौन एक पी. सी. आर. (पॉलिमरेज श्रृंखला अभिक्रिया) का एक अनुप्रयोग **नहीं** है?

(1) जीन उत्परिवर्तन का पता लगाना
(2) आणविक निदान
(3) जीन प्रवर्धन
(4) पृथक किये गये प्रोटीन का शुद्धीकरण

उत्तर (4)

हल PCR पॉलिमरेज श्रृंखला अभिक्रिया है।

इसका उपयोग जीन की अनेक प्रतिकृति बनाने के लिए होता है।

PCR का उपयोग किया जाता है।

- जीन प्रवर्धन
- PCR पर आधारित एस्से को विकसित किया जाता है जो संक्रामक कारकों के जीन अनुक्रमों की उपस्थिति की पहचान करता है।
- इसका उपयोग उत्परिवर्तन की पहचान करने में किया जाता है।
- प्रोटीन PCR के लक्ष्य नहीं होते हैं। इसलिए यह शोधन में कोई भूमिका नहीं निभाता है।

130. Match **List-I** with **List-II**.

	List - I		List - II
(a)	Cells with active cell division capacity	(i)	Vascular tissues
(b)	Tissue having all cells similar in structure and function	(ii)	Meristematic tissue
(c)	Tissue having different types of cells	(iii)	Sclereids
(d)	Dead cells with highly thickened walls and narrow lumen	(iv)	Simple tissue

Select the **correct** answer from the options given below.

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(2)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)
(3)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(4)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)

Answer (2)

Sol. (a) Meristematic tissues are those tissues which have cells with active cell division capacity.

(b) Simple tissues are those tissues which have all the cells similar in structure and function.

(c) Vascular tissues are complex permanent tissues hence they have different types of cells.

(d) Sclereids are sclerenchymatous cells which are dead with highly thickened walls and narrow lumen.

131. A typical angiosperm embryo sac at maturity is:

(1) 8-nucleate and 8-celled

(2) 8-nucleate and 7-celled

(3) 7-nucleate and 8-celled

(4) 7-nucleate and 7-celled

Answer (2)

Sol. A typical angiospermic embryo sac has seven cells that are three antipodals, one central cell, one egg cell and two synergids.

The central cell has two polar nuclei, hence the embryo sac is eight nucleated.

130. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए।

	सूची-I		सूची-II
(a)	सक्रिय कोशिका विभाजन की क्षमता वाली कोशिकायें	(i)	संवहन ऊतक
(b)	एक ऊतक जिसमें सभी कोशिकायें संरचना और कार्य की दृष्टि से समान है	(ii)	विभज्योतक
(c)	विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं वाला ऊतक	(iii)	स्किलिरिड
(d)	अत्यधिक मोटी भित्ति एवं संकरी गुहिका वाली मृत कोशिकायें	(iv)	सरल ऊतक

नीचे दिये गये विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए।

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(2)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)
(3)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(4)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)

उत्तर (2)

हल (a) विभज्योतक वे ऊतक हैं जिसकी कोशिकाओं में सक्रिय कोशिका विभाजन की क्षमता होती है।

(b) सरल ऊतक वे ऊतक है जिसकी सभी कोशिकाएँ संरचना व कार्य की दृष्टि से समान होती है।

(c) संवहन ऊतक जटिल स्थायी ऊतक हैं अत: इनमें विभिन्न प्रकार की कोशिकाएँ होती हैं।

(d) स्किलिरिड स्क्लेरेंकाइमी कोशिकाएँ हैं जो मृत होती हैं जिसमें अत्यधिक मोटी भित्ति व संकरी ल्यूमेन होती है।

131. परिपक्व अवस्था में एक प्रारूपी आवृतबीजी भ्रूणकोष निम्नलिखित में से कौनसा होता है?

(1) 8-केन्द्रकीय और 8-कोशिकीय

(2) 8-केन्द्रकीय और 7-कोशिकीय

(3) 7-केन्द्रकीय और 8-कोशिकीय

(4) 7-केन्द्रकीय और 7-कोशिकीय

उत्तर (2)

हल एक प्रारूपी आवृतबीजी भ्रूण कोष में सात कोशिकाएं होती हैं जिसमें तीन प्रतिव्यासांत, एक केन्द्रीय कोशिका, एक अंड कोशिका व दो सहायक कोशिकाएं होती हैं।

केन्द्रीय कोशिका में दो ध्रुवीय केन्द्रक होते हैं अत: भ्रूणकोष आठ केन्द्रकीय होता है।

132. Which of the following algae contains mannitol as reserve food material?

(1) *Ulothrix*

(2) *Ectocarpus*

(3) *Gracilaria*

(4) *Volvox*

Answer (2)

Sol. *Ectocarpus* is a brown alga belongs to the class Phaeophyceae. Members of this class have mannitol and laminarin as stored food material.

Ulothrix and *Volvox* belong to Chlorophyceae (green algae). Members of this class have starch as reserve food material. *Gracilaria* is a member of red algae (Rhodophyceae). This class is characterised by having floridean starch as stored food material.

133. Genera like *Selaginella* and *Salvinia* produce two kinds of spores. Such plants are known as:

(1) Heterosporous

(2) Homosorus

(3) Heterosorus

(4) Homosporous

Answer (1)

Sol. Plants like *Selaginella* and *Salvinia* produce two kinds of spore *i.e.*, microspores and macrospores. They are known as heterosporous.

Most of the pteridophytes produce single type of spores and are called homosporous

Sorus are brownish or yellowish cluster of spore-producing structures located on the lower surface of fern leaves.

134. Mutations in plant cells can be induced by:

(1) Zeatin

(2) Kinetin

(3) Infrared rays

(4) Gamma rays

Answer (4)

132. निम्नलिखित में से किस शैवाल में संचयी खाद्य के रूप में मैनीटाल होता है?

(1) *यूलोथ्रिक्स*

(2) *एक्टोकॉर्पस*

(3) *ग्रासिलेरिया*

(4) *वॉल्वॉक्स*

उत्तर (2)

हल *एक्टोकार्पस* एक भूरा शैवाल है जो वर्ग फिओफाइसी से सम्बन्धित होता है। इस वर्ग के सदस्यों में संचित खाद्य पदार्थ के रूप में मैनीटाल व लेमिनारिन होता है।

यूलोथ्रिक्स व *वॉल्वॉक्स* क्लोरोफाइसी (हरित शैवाल) से सम्बन्धित है। इस वर्ग के सदस्यों में संचित खाद्य पदार्थ के रूप में मंड होता है। *ग्रासिलेरिया* लाल शैवाल (रोडोफाइसी) का एक सदस्य है। यह वर्ग संचित खाद्य पदार्थ के रूप में फ्लोरिडीन मंड द्वारा अभिलाक्षणित होता है।

133. कुछ वंश जैसे कि *सिलेजिनैला* और *साल्विनिया,* दो प्रकार के बीजाणु उत्पादित करते हैं। ऐसे पादपों को क्या कहा जाता है?

(1) विषमबीजाणुक

(2) होमोसोरस

(3) हेटरोसोरस

(4) समबीजाणुक

उत्तर (1)

हल पादप जैसे कि *सिलेजिनैला* और *साल्विनिया* दो प्रकार के बीजाणु अर्थात् लघुबीजाणु तथा वृहतबीजाणु निर्मित करते हैं। ये विषमबीजाणुक कहलाते हैं।

अधिकांश टैरिडोफाइट्स एक ही प्रकार के बीजाणु निर्मित करते हैं तथा समबीजाणुक कहलाते हैं।

सोरस, बीजाणु उत्पन्न करने वाली संरचनाओं के भूरे या पीले समूह होते हैं तथा यह फर्न पत्तियों की निचली सतह पर स्थित होते हैं।

134. पादप कोशिकाओं में किसके द्वारा उत्परिवर्तन प्रेरित किया जा सकता है?

(1) जिएटिन

(2) काइनेटिन

(3) अवरक्त किरणें

(4) गामा किरणें

उत्तर (4)

Sol. • Several kinds of radiation like gamma rays, X-rays, UV-rays cause mutation.

• These are physical mutagens.

• Such induced mutation in plants is done to develop improved varieties. The first natural cytokinin was isolated from unripe maize grain known as zeatin. The cytokinin that was obtained from degraded product of autoclaved herring sperm DNA was kinetin (N^6-furfuryl aminopurine). Infrared rays cause heating effect.

135. Amensalism can be represented as:

(1) Species A (+); Species B (0)

(2) Species A (–); Species B (0)

(3) Species A (+); Species B (+)

(4) Species A (–); Species B (–)

Answer (2)

Sol. • Amensalism is an interaction between two organisms of different species in which one species inhibits the growth of other species by secreting certain chemicals. The first species is neither get benefited nor harmed.

• (+) : (0) interaction is observed in commensalism

• (+) : (+) interaction is observed in mutualism.

• (–) : (–) interaction is seen in competition

SECTION - B

136. What is the role of RNA polymerase III in the process of transcription in eukaryotes?

(1) Transcribes only snRNAs

(2) Transcribes rRNAs (28S, 18S and 5.8S)

(3) Transcribes tRNA, 5s rRNA and snRNA

(4) Transcribes precursor of mRNA

Answer (3)

Sol. • RNA polymerase III transcribes tRNA, ScRNA, 5S rRNA and SnRNA.

• RNA polymerase I transcribes 5.8S, 18S and 28S rRNA.

• RNA polymerase II transcribes hnRNA which is precursor of mRNA

हल • गामा-किरणें, X-किरणें, UV-किरणें जैसे अनेक प्रकार के विकिरण, उत्परिवर्तन उत्पन्न करते हैं।

• ये भौतिक उत्परिवर्तजन हैं।

• पादपों में इस प्रकार का प्रेरित उत्परिवर्तन उन्नत किस्मों को विकसित करने के लिए किया जाता है। जिएटिन कहलाने वाले प्रथम प्राकृतिक साइटोकाइनिन को अपक्व मक्के के दानों से अलग किया गया था। साइटोकाइनिन जिसे ऑटोक्लेवड हेरिंग स्पर्म डी.एन.ए. के निम्निकृत उत्पाद से प्राप्त किया गया था उसे काइनेटिन (N^6-फरफ्यूरिल अमीनोप्युरिन) कहा गय। अवरक्त किरणें के कारण ऊष्मा प्रभाव उत्पन्न होता है।

135. अन्तरजातीय परजीविता को किस प्रकार निरूपित किया जा सकता है?

(1) जाति A (+); जाति B (0)

(2) जाति A (–); जाति B (0)

(3) जाति A (+); जाति B (+)

(4) जाति A (–); जाति B (–)

उत्तर (2)

हल• अंतरजातीय परजीविता विभिन्न जातियों के दो जीवों के बीच होने वाली परस्परक्रिया है जिसमें एक जाति कुछ रसायनिक स्त्रावण द्वारा दूसरी जाति की वृद्धि को रोकती है। पहली जाति को न लाभ होता है न ही हानि होती है।

• (+) : (0) परस्परक्रिया सहभोजिता में अवलोकित होती है।

• (+) : (+) परस्परक्रिया सहोपकारिता में अवलोकित होती है।

• (–) : (–) परस्परक्रिया प्रतिस्पर्धा में होती है।

अनुभाग- B

136. ससीमकेन्द्रकी जीवों में अनुलेखन की प्रक्रिया में आर.एन.ए. पॉलिमरेज-III की भूमिका क्या है?

(1) केवल snRNAs को अनुलेखित करता है

(2) rRNAs (28S, 18S और 5.8S) को अनुलेखित करता है

(3) tRNA, 5s rRNA और snRNA को अनुलेखित करता है

(4) mRNA के पूर्ववर्ती को अनुलेखित करता है

उत्तर (3)

हल • आर.एन.ए. पॉलिमरेज III tRNA, ScRNA, 5S rRNA व snRNA को अनुलेखित करता है।

• आर.एन.ए. पॉलिमरेज I 5.8S, 18S, 28S rRNA को अनुलेखित करता है।

• RNA पॉलिमरेज II hnRNA को अनुलेखित करता है जो mRNA के पूर्ववर्ती को अनुलेखित करता है।

137. Select the **correct** pair.

(1) Loose parenchyma cells rupturing the epidermis and forming a lens shaped opening in bark - Spongy parenchyma

(2) Large colorless empty cells in the epidermis of grass leaves - Subsidiary cells

(3) In dicot leaves, vascular bundles are surrounded by large thick-walled cells - Conjunctive tissue

(4) Cells of medullary rays that form part of cambial ring - Interfascicular cambium

Answer (4)

Sol.
- When the cells of medullary rays differentiated, they give rise to the new cambium called interfascicular cambium.
- Loose parenchyma cells rupturing the epidermis and forming a lens-shaped opening in bark are called complementary cells.
- Large colourless empty cells in the epidermis of grass leaves are called bulliform cells.
- In dicot leave, vascular bundles are surrounded by large thick walled cells called bundle sheath cells.

138. Plasmid pBR322 has PstI restriction enzyme site within gene *amp*^{R} that confers ampicillin resistance. If this enzyme is used for inserting a gene for β-galactoside production and the recombinant plasmid is inserted in an *E.coli* strain

(1) It will be able to produce a novel protein with dual ability

(2) It will not be able to confer ampicillin resistance to the host cell

(3) The transformed cells will have the ability to resist ampicillin as well as produce β-galactoside

(4) It will lead to lysis of host cell

Answer (2)

137. निम्नलिखित में से **सही** युग्म को चुनिए।

(1) बाह्यत्वचा को फाड़ने वाली शिथिल मृदु कोशिकायें जो छाल में लेंस के आकार की छिद्र बनाती हैं - स्पंजी मृदूतक

(2) घास की पत्तियों की बाह्यत्वचा-में बड़ी रंगहीन रिक्त कोशिकायें - सहायक कोशिकायें

(3) द्विबीजपत्री पत्तियों में संवहन बण्डल, मोटी भित्ति वाली बड़ी कोशिकाओं से घिरे होते हैं - यौगिक ऊतक

(4) मज्जा किरणों की कोशिकायें जो कैंबियम वलय के भाग का निर्माण करती हैं - अंतरापूलीय कैंबियम

उत्तर (4)

हल
- जब मज्जा किरणों की कोशिकाएं विभेदित होती हैं तो नए कैम्बियम को उत्पन्न करती है जो अंतरापूलीय कैम्बियम कहलाती है।
- बाह्यत्वचा को फाड़ने वाली शिथिल मृदु कोशिकाएँ जो छाल में लेंस के आकार की छिद्र बनाती है वे पूरक कोशिकाएं कहलाती हैं।
- घास की पत्तियों की बाह्यत्वचा में बड़ी रंगहीन रिक्त कोशिकाएं बुलिफार्म कोशिकाएं कहलाती हैं।
- द्विबीजपत्री पत्तियों में संवहन बंडल मोटी भित्ति वाली बड़ी कोशिकाओं से घिरा होते हैं पूल आच्छद कोशिकाएं कहलाती हैं।

138. प्लैज्मिड pBR322 में जीन *amp*^{R} के अन्दर PstI प्रतिबंधन एंजाइम है जो एम्पीसिलीन प्रतिरोध दर्शाता है। यदि इस एंजाइम को बीटा-गैलेक्टोसाइड उत्पादन के लिए, एक जीन के लिए निवेशित किया जाता है और पुनर्योगज प्लैज्मिड को *इ.कोली* स्ट्रेन में निवेशित किया जाता है तब :

(1) इसमें द्वैत क्षमता के साथ नये प्रोटीन उत्पादन की क्षमता होगी

(2) यह पोषी कोशिका को एम्पीसिलीन प्रतिरोध नहीं बना पायेगा

(3) रूपांतरित कोशिकाओं में एम्पीसिलीन प्रतिरोध की क्षमता होगी और साथ ही बीटा-गैलेक्टोसाइड उत्पादन करेगी

(4) इससे पोषी कोशिका में लयन हो जायेगा

उत्तर (2)

Sol. pBR322 is a commonly used cloning vector. When the gene for β-galactoside is inserted in the ampicillin resistance gene by using *Pst* I, the recombinant *E.coli* will lose ampicillin resistance due to insertional inactivation of the antibiotic resistance gene.

The host (recombinant) cell will produce β-galactoside which is not a novel protein **nor** does it have dual ability.

The transformed cells cannot resist ampicillin as they have lost ampicillin resistance.

A recombinant *E. coli* is produced and the host cell will not undergo lysis due to insertion of β-galactoside gene.

139. DNA fingerprinting involves identifying differences in some specific regions in DNA sequence, called as

(1) Polymorphic DNA (2) Satellite DNA

(3) Repetitive DNA (4) Single nucleotides

Answer (3)

Sol.
- DNA fingerprinting involves identifying differences in some specific regions in DNA sequence called as repetitive DNA.
- The basis of DNA fingerprinting is VNTR (a satellite DNA as probe that show very high degree of polymorphism)
- Polymorphism is the variation at genetic level. Allelic sequence variation has traditionally been described as a DNA polymorphism.

140. In the exponential growth equation $N_t = N_0e^{rt}$, e represents

(1) The base of geometric logarithms

(2) The base of number logarithms

(3) The base of exponential logarithms

(4) The base of natural logarithms

Answer (4)

Sol. In the exponential growth equation $N_t = N_0e^{rt}$,

e represents the base of natural logarithms

N_t = Population density after time t

N_0 = Population density at time zero

r = Intrinsic rate of natural increase called biotic potential.

हल pBR322 सामान्यत: उपयोग किया जाने वाला क्लोनिंग संवाहक है। जब β-गैलेक्टोसाइड के लिए जीन *Pst* I के उपयोग हेतु एंपिसिलिन प्रतिरोधी जीन में प्रवेश कराया जाता है तो पुनर्योगज *ई.कोलाई* प्रतिजैविक प्रतिरोधी जीन के निवेशी निष्क्रियण के कारण एंपिसिलिन प्रतिरोध खो देगा।

परपोषी (पुनर्योगज) कोशिका β-गैलेक्टोसाइड उत्पन्न करेगी जो न तो एक नया प्रोटीन है न ही इसमें दोहरी क्षमता होती है। रूपांतरित कोशिकाएँ एंपिसिलिन का प्रतिरोध नहीं कर सकती हैं क्योंकि इनका एंपिसिलिन प्रतिरोध समाप्त हो जाता है।

पुनर्योगज *ई.कोलाई* उत्पादित होता है तथा परपोषी कोशिका का अपघटन β-गैलेक्टोसाइड जीन के निवेशन के कारण नहीं होता है।

139. डी.एन.ए. अंगुलीछापी में डी.एन.ए. अनुक्रम में कुछ विशिष्ट स्थानों में भिन्नताओं की पहचान की जाती है। इन विशिष्ट स्थानों को क्या कहा जाता है?

(1) बहुरूपीय डी.एन.ए. (2) अनुषंगी डी.एन.ए.

(3) पुनरावृत्ति डी.एन.ए. (4) एकल न्यूक्लियोटाइड

उत्तर (3)

हल
- डी.एन.ए. अंगुलीछापी में डी.एन.ए. अनुक्रम में कुछ विशिष्ट स्थानों में भिन्नताओं की पहचान की जाती है इन विशिष्ट स्थानों को पुनरावृत्ति डी.एन.ए. कहा जाता है।
- वी.एन.टी.आर.(प्रोब के रूप में प्रयुक्त एक अनुषंगी डी.एन.ए. जो बहुरूपता की उच्चकोटि दर्शाता है) डी.एन.ए. अंगुलीछापी का आधार है।
- बहुरूपता आनुवंशिक स्तर पर उपस्थित विविधता होती है। विकल्पी अनुक्रम विविधता को पारम्परिक रूप से डी.एन.ए. बहुरूपता के रूप में वर्णित किया जाता है।

140. चरघातांकी वृद्धि समीकरण $N_t = N_0e^{rt}$ में, e किसे निरूपित करता है?

(1) ज्यामितिक लघुगणक का आधार

(2) संख्या लघुगणक का आधार

(3) चरघातांकी लघुगणक का आधार

(4) प्राकृतिक लघुगणक का आधार

उत्तर (4)

हल चरघातांकी वृद्धि समीकरण में $N_t = N_0e^{rt}$

e प्राकृतिक लघुगणक के आधार को दर्शाता है।

N_t = समय t के बाद समष्टि घनत्व है

N_0 = समय शून्य पर समष्टि घनत्व है

r = प्राकृतिक वृद्धि की आंतरिक दर को जैविक विभव कहते है।

141. Which of the following statements is **incorrect**?

(1) Cyclic photophosphorylation involves both PS I and PS II

(2) Both ATP and NADPH + H^+ are synthesized during non-cyclic photophosphorylation

(3) Stroma lamellae have PS I only and lack NADP reductase

(4) Grana lamellae have both PS I and PS II

Answer (1)

Sol. • Cyclic photophosphorylation involves only PS I. Both PS I and PS II are involved in non-cyclic photophosphorylation where both ATP and NADPH + H^+ are synthesized.

• Both PS I and PS II are found on grana lamellae whereas stroma lamellae have PS I only and lack NADP reductase.

142. Which of the following statements is **correct** ?

(1) Some of the organisms can fix atmospheric nitrogen in specialized cells called sheath cells

(2) Fusion of two cells is called Karyogamy

(3) Fusion of protoplasms between two motile on non-motile gametes is called plasmogamy

(4) Organisms that depend on living plants are called saprophytes

Answer (3)

Sol. • In some blue-green algae specialised cells called heterocyst fixes atmospheric nitrogen into ammonia.

• Fusion of two nuclei is called Karyogamy.

• Organisms that depend on living plants are parasites, saprophytes grow on dead material.

• Fusion of protoplasts of two cells is called plasmogamy.

143. Match **Column-I** with **Column-II**.

	Column-I		**Column-II**
(a)	*Nitrococcus*	(i)	Denitrification
(b)	*Rhizobium*	(ii)	Conversion of ammonia to nitrite
(c)	*Thiobacillus*	(iii)	Conversion of nitrite to nitrate
(d)	*Nitrobacter*	(iv)	Conversion of atmospheric nitrogen to ammonia

141. निम्नलिखित में से कौनसा कथन **गलत** है?

(1) चक्रीय प्रकाश फास्फोरिलेशन में PS I और PS II दोनों शामिल होते हैं।

(2) ATP और NADPH + H^+ दोनों का गैर चक्रीय प्रकाश फास्फोरिलेशन के दौरान संश्लेषण होता है।

(3) पीठिका- लैमिली में केवल PS I होता है और NADP रिडक्टेज का अभाव होता है।

(4) ग्राना लैमिली में PS I और PS II दोनों होते हैं।

उत्तर (1)

हल • चक्रीय प्रकाश फॉस्फोरिलेशन में केवल PS I होता है। PS I व PS II दोनों अ-चक्रीय प्रकाश फास्फोरिलेशन में सम्मिलित होते हैं। जहाँ ATP व NADPH + H^+ दोनों का संश्लेषण होता है।

• PS I व PS II दोनों ग्राना लैमिली पर पाए जाते हैं जबकि पीठिका-लैमिली में केवल PS I होता है तथा इसमें NADP रिडक्टेज का अभाव होता है।

142. निम्नलिखित में से कौनसा कथन **सही** है?

(1) कुछ जीव वायुमंडलीय नाइट्रोजन के आच्छाद कोशिका कही जाने वाली विशिष्ट कोशिकाओं में स्थिरिकृत कर सकते हैं

(2) दो कोशिकाओं के संलयन को केंद्रक संलयन कहा जाता है

(3) अचल युग्मकों पर दो चल युग्मकों के बीच जीवद्रव्य के संलयन को कोशिका द्रव्य-लयन कहा जाता है

(4) जो जीव जीवित पादपों पर निर्भर होते हैं उन्हें मृतोपजीवी कहा जाता है

उत्तर (3)

हल • कुछ नील-हरित शैवाल में विशिष्ट कोशिकाएं हेटरोसिस्ट कहलाती हैं जो वायुमण्डलीय नाइट्रोजन को अमोनिया में स्थिर करती है।

• दो केन्द्रकों का संलयन केन्द्रक संलयन कहलाता है।

• सजीव पादपों पर आश्रित होने वाले जीव परजीवी, मृत पदार्थ पर वृद्धि करने वाले मृतजीवी होते हैं।

• दो कोशिकाओं के जीवद्रव्य का संलयन द्रव्य-लयन कहलाता है।

143. **स्तंभ-I** को **स्तंभ-II** से सुमेलित कीजिए।

	स्तंभ-I		**स्तंभ-II**
(a)	नाइट्रोकोकस	(i)	विनाइट्रीकरण
(b)	राइजोबियम	(ii)	अमोनिया का नाइट्राइट में परिवर्तन
(c)	थियोबैसीलस	(iii)	नाइट्राइट का नाइट्रेट में परिवर्तन
(d)	नाइट्रोबैक्टर	(iv)	वायुमंडलीय नाइट्रोजन का अमोनिया में परिवर्तन

Choose the **correct** answer from options given below.

(a) (b) (c) (d)

